# सैंपल पेपर कक्षा - 9

# विषय - हिंदी

# सत्र - 02

**केंद्रीय विद्यालय संगठन**

**क्षेत्रीय कार्यालय , रायपुर**

**सत्र 2021-22**

**केंद्रीय विद्यालय संगठन**

**क्षेत्रीय कार्यालय , रायपुर**

**प्रधान संरक्षक**

**श्री विनोद कुमार**

उपायुक्त

के.वि.सं.रायपुर संभाग

**संरक्षक**

**श्रीमती बिरजा मिश्रा**

सहायक आयुक्त

के.वि.सं.रायपुर संभाग

**श्री अशोक कुमार मिश्रा**

सहायक आयुक्त

के.वि.सं.रायपुर संभाग

**समन्वयकर्ता**

**श्री धीरेन्द्र कुमार झा**

प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर

**अध्ययन सामग्री निर्माण समिति**

**श्रीमती तारा बाग**

स्नातकोत्तर शिक्षक हिन्दी

केंद्रीय विद्यालय बचेली

**सुश्री सरला उइके**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय बी.एम.वाई भिलाई

**श्री अजय यादव**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय रायपुर क्रमांक 01

**डॉ किरण राठौर**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर

**संकलनकर्ता**

**श्रीमती अर्चना मर्सकोले**

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर

**श्री सुनील पाण्डेय**

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर

| हिंदी पाठ्यक्रम - अ (कोड सं. - 002)कक्षा 9वीं हिन्दी अ परीक्षा भार विभाजनसत्र 2 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विषयवस्तु | | | उपभार | कुलभार |
| 1 | पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग - 1 व पूरक पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग - 1 | | | 20 |
| | अ | गद्य खंड | | |
| | क्षितिज से निर्धारित पाठों के आधार पर विषय-वस्तु का ज्ञान बोध, अभिव्यक्ति आदि पर चार प्रश्न पूछे जाएंगे। (2x4) | | 8 | |
| | ब | काव्य खंड | | |
| | क्षितिज से निर्धारित कविताओं के आधार पर विद्यार्थियों का काव्य बोध परखने हेतु तीन प्रश्न पूछे जाएंगे। (2x3) | | 6 | |
| | स | पूरक पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग - 1 | | |
| | कृतिका के निर्धारित पाठों पर आधारित दो प्रश्न पूछे जाएंगे । (3x2) | | 6 | |
| 2 | लेखन | | | 20 |
| | अ | विभिन्न विषयों और संदर्भों पर विद्यार्थियों के तर्कसंगत विचार प्रकट करने की क्षमता को परखने के लिए संकेत बिंदुओं पर आधारित समसामयिक एवं व्यावहारिक जीवन से जुड़े हुए विषयों में से किन्हीं तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद। (5x1) | 5 | |
| | ब | अभिव्यक्ति की क्षमता पर केन्द्रित औपचारिकतथाअनौपचारिक विषयों में 120 शब्दों में से किसी एक विषय पर पत्र। (5x1) | 5 | |
| | स | किन्हींदोस्थितियोंपरलगभग 40 शब्दोंकेदोसंवादलेखन (2.5 अंक x2 प्रश्न) (विकल्पसहित) | 5 | |
| | द | लघु-कथा लेखन लगभग 120 शब्दों में (विकल्प सहित) | 5 | |
| 3 | आंतरिक मूल्यांकन | | | 10 |
| | **अ** | **सामयिकआकलन** | 3 | |
| | **ब** | **बहुविधआकलन** | 2 | |
| | **स** | **पोर्टफोलियो** | 2 | |
| | **द** | **श्रवणएवंवाचन** | 3 | |
| कुल | | | | 50 |

**निर्धारित पुस्तकें :**

1. **क्षितिज, भाग-1**, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित नवीनतम संस्करण
2. **कृतिका, भाग-1**, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित नवीनतम संस्करण

सत्र-2 2021-22 मेंनिम्नलिखितपाठसम्मिलितकिएगएहैं –

पाठ्यपुस्तकक्षितिजभाग -1

गद्य – खंड

1. जाबिरहुसैन - साँवलेसपनोंकीयाद

2. हरिशंकरपरसाई - प्रेमचंदकेफटेजूते

काव्य - खंड

3. माखनलालचतुर्वेदी - कैदीऔरकोकिला

4. राजेशजोशी - बच्चेकामपरजारहेहैं

अनुपूरकपाठ्यपुस्तककृतिकाभाग -1

सत्र -2 2021-22 मेंनिम्नलिखितपाठसम्मिलितकिएगएहैं –

1. मृदुलागर्ग - मेरेसंगकीऔरतें

2. विद्यासागरनौटियाल - माटीवाली

3. जगदीशचंद्रमाथुर - रीढ़कीहड्डी

| केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग<br>द्वितीय सत्रांत परीक्षा | | |
|---|---|---|
| **प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - 01** | | |
| **कक्षा 9वीं** | **विषय - हिंदी 'अ'** | **पूर्णांक- 40** |

**सामान्य निर्देश:-**

- इस प्रश्नपत्र में कुल दो खंड हैं अ और ब ।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 07 प्रश्न हैं । इसमें कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं ।
- सभी उपप्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशों के अनुरूप क्रमशः व एक साथ देने का प्रयास करे ।
- निर्देशानुसार सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

| | | |
|---|---|---|
| | **(खंड-अ) पाठ्यपुस्तक क्षितिज और कृतिका भाग-1 पर आधारित प्रश्न** | **20** |
| **प्रश्न 1.** | **क्षितिज पाठ्यपुस्तक के गद्य भाग पर आधारित निम्नलिखित में से चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (शब्द सीमा - 30-40 शब्द)** | **2X4=8** |
| **(१)** | सालिम अली की दृष्टि में पक्षियों एवं प्रकृति को आदमी की नज़र से देखना उसकी भूल क्यों है ?" | **2** |
| **(२)** | सालिम अली किस प्रधानमंत्री के पास और पर्यावरण संबंधी किस संभावित खतरे को लेकर गए ? | **2** |
| **(३)** | लेखक के अनुमान से प्रेमचंद ने ठोकर मारकर किस पर चोट की थी ? | **2** |
| **(४)** | लेखक ने प्रेमचंद को 'जनता के लेखक' कहकर उनकी किस विशेषता को बताना चाहा है? | **2** |
| **(५)** | प्रेमचंद को दिखावा करना नहीं आता था । इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? | **2** |
| **प्रश्न 2.** | **क्षितिज पाठ्यपुस्तक के पद्य भाग पर आधारित निम्नलिखित में से तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (शब्द सीमा - 30-40शब्द)** | **2X3=6** |
| **(१)** | कैदी और कोकिला कविता में कवि हाथ और पैरों में पड़ी बेड़ियों को हथकड़ियाँ न कहकर ब्रिटिश हुकूमत द्वारा दिया गया गहना क्यों कह रहा है ? | **2** |
| **(२)** | 'बच्चे काम पर जा रहे है' समाज की किस कुरीति की ओर संकेत करता है ? | **2** |
| **(३)** | 'बच्चे काम पर जा रहे हैं'- यह हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है। क्यों? | **2** |
| **(४)** | कवि ने कोकिला के बोलने के पीछे किन कारणों की संभावना व्यक्त की है ? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 3.** | **कृतिका पाठ्यपुस्तक आधारित निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (शब्द सीमा 40-50 शब्द)** | **3X2=6** |
| **(१)** | 'मेरे संग की औरते'पाठ के आधार पर बताओं कि लेखिका ने बच्चों की शिक्षा के लिए क्या प्रयास किए ? | **3** |
| **(२)** | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के माध्यम से लेखक समाज में किस तरह के परिवर्तन की आशा करता है ? | **3** |
| **(३)** | 'माटीवाली' पाठ में भारतीय संस्कृति के किन रूपों को उजागर किया गया है ? | **3** |
| | **(खंड-ब) रचना/लेखन भाग** | **5X4=20** |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -** | **1x5=5** |
| * | सच्चा मित्र<br>संकेत बिंदु -<br>• मित्र की आवश्यकता<br>• सच्चे मित्र की पहचान और चुनाव<br>• सच्चे मित्र के फायदे | |
| * | देश का किसान<br>संकेत बिंदु -<br>• किसान का जीवन<br>• परिश्रम<br>• योगदान | |
| * | ऑनलाइन शिक्षा<br>संकेत बिन्दु -<br>• ऑनलाइन शिक्षा कैसे<br>• ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ(फायदे)<br>• ऑनलाइन शिक्षा की सीमाएँ | |
| **प्रश्न 5.** | **आपके क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए ।**<br>**<u>अथवा</u>**<br>**आपकी परीक्षा का टाइम टेबल सुनिश्चित हो चुका है अपने साथी को परीक्षा की तैयारी हेतु प्रोत्साहित करते हुए एक पत्र लिखिए ।** | **1x5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 6. क | आपके विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह कैसा रहा? इसे लेकर दो विद्यार्थियों में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।<br>अथवा<br>परीक्षा के बाद परीक्षा भवन से निकलते हुए बच्चों का संवाद लिखिए । | 1X2.5= 2.5 |
| ख | पिकनिक पर जाने के लिए पिताजी से अनुमति मांगते हुए संवाद लिखिए ।<br>अथवा<br>यात्री और बस कंडक्टर के मध्य हुए संवाद लिखिए । | 1X2.5= 2.5 |
| प्रश्न 7 क . | अपनी कल्पना और अनुभव के आधार पर 'एकता में बल' नामक शीर्षक पर एक लघुकथा की रचना कीजिए ।<br>अथवा<br>अपनी कल्पना और अनुभव के आधार पर "परिश्रम का फल" नामक शीर्षक पर एक लघुकथा की रचना कीजिए । | 1X5=5 |

**द्वितीय सत्रांत परीक्षा**

**उत्तर संकेत व अंक संकेत 01**

# कक्षा –नवमी

**खंड –क (वर्णनात्मक प्रश्नों के संभावित संकेत )**

**प्रश्न 1 . गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 -30 शब्दों में लिखिए 2 x 4 = 8अंक**

क . * आदमी सदैव अपने हित की बात ही सोचता है I पक्षी जगत की संवेदनाओं और प्रकृति के सौंदर्य को भावना के स्तर पर नहीं देख पाता I

*वह स्वार्थवश अपने हित और लाभ के सीमित दायरे में जकड़ा रहता है I **2 अंक**

ख .*प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह |

*साइलेंट वेली को रेगिस्तानी हवाओं से सुरक्षित रखने के प्रश्न को लेकर चिंता | **2 अंक**

ग * लेखक के अनुमान से, प्रेमचंद ने ठोकर मारकर सामाजिक कुरीतियों, कुप्रथाओ' पर चोट की |---- **2 अंक**

घ .*लेखक ने प्रेमचन्द्र को जनता का लेखक कहकर पुकारा

* जो जनता ही समस्याओं पर लिखता है I

*समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान उनकी ओर आकर्षित कर उनका समाधान करने की दिशा में कार्य करता है I **2 अंक**

ङ * प्रेमचंद जैसे थे , वे वैसे ही दिखना चाहते थे I यदि वे दिखावा करना जानते तो फटे जूते में फोटो नहीं खिचवाते

* वे किसी से चीज़ मांगकर प्रयोग करने और दिखावटीपन में जीने से बेहतर फटे जूते पहनना समझते थे। इसमें उन्हें कोई शर्म नहीं आती थी। 2 अंक

**प्रश्न 2. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर**

**25– 30 शब्दों में लिखिए – ( 2 x 3 = 6अंक )**

क . *कवि स्वाधीनता सेनानी है , उसने देश की स्वतंत्रता के लिए आवाज़ उठाई है |

*मातृभूमि की सेवा के फलस्वरूप यदि अंग्रेजों ने उन्हें हथकड़ियाँ पहना दी है , तो वह किसी आभूषण से कम नहीं है।

*यह मातृभूमि की सेवा का फल है। **2 अंक**

ख * समाज में व्याप्त बाल मजदूरी जैसी कुप्रथा की ओर संकेत करता है।

* यह एक भयावह कुरीति है,जिससे देश का भविष्य प्रभावित होता है। बचपन जो फूलों की तरह कोमल होता है , यह उनके जीवन को यातनामय बना देती है आई . **2 अंक**

ग . बच्चों द्वारा मजदूरी करने की विवशता अत्यंत भयावह है |

यह भयानक त्रासदी की ओर संकेत करता है, बच्चों का बचपन छीना जा रहा है और कोई इस ओर ध्यान नहीं देता। **2 अंक**

घ. * अंग्रेजों की अमानवीय प्रताड़ना देखकर |

* चारों और भीषण अत्याचार और विषमता का तांडव देखकर

* कवि के शरीर एवं हाथों में लोहे की जंजीरें देखकर **2 अंक**

**प्रश्न 3. कृतिका भाग 2 के आधार पर किन्ही दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर लिखिए 3 x 2 = 6 अंक**

क * लेखिका ने कैथोलिक विशप से विद्यालय खोलने हेतु मदद माँगी, परंतु वे तैयार नहीं हुए |

*लेखिका ने कर्नाटक के छोटे से कस्बे बागलकोट में कोई भी स्तरीय शिक्षा

देने वाला स्कूल न होने के कारण वहाँ एक अच्छा प्राइमरी स्कूल खुलवाया

। कर्नाटक सरकार से मान्यता दिलवाई । **3अंक**

ख .* लेखक समाज में पुरुषवादी समाज को उखाड़ फेकना चाहता है |

* लेखक समाज में व्याप्त विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता है साथ ही महिलाओं को पूर्ण एवं स्वतंत्र रूप से जीने पर भी बल देता है , जिससे एक स्वस्थ समाज की रचना की जा सके तथा समाज का विकास हो सके । **3 अंक**

ग .* माटीवाली के माध्यम से इस पाठ में मेलजोल बढ़ाने , कर्म में अटूट विश्वास रखने, कर्तव्यशील, पति पारायण आदि सद्गुणों को उभरा गया है ।

* पाठ में मालकिन पात्र हमें इस गुण का स्मरण करती है की हमें अपने अतीत पर गर्व करना चाहिए, उसे सहेज कर रखना चाहिए तथा अपने सभी कर्तव्यों का पालन करना चाहिए । **3 अंक**

**(खंड –ख रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के मूल्यांकन बिंदु )**

**प्रश्न 4 –दिए गए तीन अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत –बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लेखन – 5 x 1 = 5अंक**

भूमिका - 1अंक

विषयवस्तु – 3अंक

भाषा - 1अंक

**प्रश्न 5 –दिए गए दो पत्रों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में पत्र लेखन- 5 x 1 = 5 अंक**

आरंभ तथा अंत की औपचारिकताएं - 1 अंक

विषयवस्तु - 3 अंक

भाषा - 1 अंक

**प्रश्न 6 .-दिए गए दो –दो विषयों में से एक – एक संवाद लगभग 50 शब्दों में (2.5 अंक के संवाद की जाँच के लिए अंक विभाजन )- 2.5 x 2 = 5 अंक**

विषयवस्तु - 1अंक

प्रस्तुति - 1अंक

भाषा - 1 / 2अंक

**प्रश्न 7 – दिए गए दो – दो विषयों में से एक –एक लघु कथा लेखन लगभग 120 शब्दों में (5 अंक के लघु कथा लेखन की जाँच के लिए अंक विभाजन ) 1x5 = 5अंक**

रचनात्मक प्रस्तुति - 1 अंक

विषयवस्तु - 3अंक

भाषा - 1 अंक

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - 02 , कक्षा नवमी**

**विषय - हिन्दी**

**समय- 2 घंटे पूर्णांक-40**

**निर्देश-**

1-यह प्रश्नपत्र दो खंडों- क और ख में विभक्त है ।

2-यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

3-निर्देशानुसार उत्तर सुस्पष्ट शब्दों में लिखें ।

---

**खंड 'क' (पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक) 20 अंक**

प्रश्न 1- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x4=8

क-'साँवले सपनों की याद' शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी लिखिए ।

ख-पर्यावरण को बचाने के लिए आप कैसे योगदान दे सकते हैं ?

ग-प्रेमचंद जी के व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताइए ।

घ-'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया गया होगा ?

ङ - किस घटना नेसालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हेंपक्षी प्रेमी बना दिया ?

प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x3=6

क-कवि ने कोयल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई ?

ख-आपके विचार से स्वतन्त्रता सेनानियों और अपराधियों के साथ एक-सा व्यवहार क्यों किया जाता होगा ?

ग-सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं ?

घ-बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3x2=6

क- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है ?

ख- 'भूख मीठी कि भोजन मीठा' से क्या अभिप्राय है ?

ग-कैसे इन्सानों को अधिक श्रद्धा भाव से देखा जाता है ?

**खंड ख (लेखन) 20 अंक**

प्रश्न 4- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए- 5

1- महानगरीय जीवन-

संकेत बिन्दु - विकास की अंधी दौड़ ,संबंधों का ह्रास,दिखावटी जीवन शैली

2-पर्वों का बदलता स्वरूप-

संकेत बिन्दु- भूमिका, पर्वों के परम्परागत तरीके ,बाज़ार का बढ़ता प्रभाव

3-परोपकार-

संकेत बिन्दु- परोपकार का अर्थ ,परोपकार के लाभ ,परोपकारी व्यक्तियों का उदाहरण

प्रश्न 5 - अपने शहर के नगर निगम आयुक्त को शहर के सौंदर्यीकरण और दी गई सुविधाओं के लिए धन्यवाद पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए । 5

अथवा

अपने विद्यालय में मनाए गए गणतन्त्र दिवस का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 6 - निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषय पर लगभग 40 शब्दों में संवाद लेखन कीजिए- 2.5x 2=5

क- 'कोरोना-एक वैश्विक महामारी' विषय की गंभीरता को लेकर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

अथवा

पटाखों से होने वाले प्रदूषण को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

ख- बढ़ती महँगाई को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

अथवा

विदेश जाने वाले पुत्र और हिदायत देने वाले पिता के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

प्रश्न 7 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लेखन कीजिए- 5

क- सच्ची मित्रता

ख- नेकी का फल

---------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - 02 अंक योजना - पूर्णांक 40**

***शिक्षक अपने पढ़ाए अनुसार उत्तर की जांच करें -**

**संभावित उत्तर** -

प्रश्न 1- 2x 4=8

क -लेखक जाबिर हुसैन द्वारा अपने मित्र सालिम अली की मृत्यु से उत्पन्न दुख और अवसाद को साँवले सपनों की याद के रूप में व्यक्त किया है । लेखक को वे सब बातें याद आती हैं जो सालिम अली के जीवन से सम्बद्ध था ।

ख- पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाकर ,पौधे लगाकर,प्रदूषण रोकने के उपाय करके ,आदि ।

ग-प्रेमचंद के व्यक्तित्व की विशेषताएँ- वे दिखावा नहीं करते थे,सादा जीवन जीते थे,सामाजिक बुराइयों को ठोकर मारते थे अर्थात दूर करने का प्रयास करते थे,आदि ।

घ-सामाजिक बुराइयों,कुरीतियों व समस्याओं के लिए ।

ङ - बचपन केदि नों मेंसालि म अली केएयरगन सेघायल होनेवाली नीलेकंठ

की गौरैया

* फॉल ऑफ़ ए स्परौ मेंवर्णनर्ण

*प्रायश्चि त करनेकेलि ए पक्षी प्रेमी बनना

प्रश्न 2- 2x3=6

क-शायद कोयल कवि के लिए कोई संदेश लाई है ,या लोगों में विद्रोह बीज बो रही है,या अंग्रेजों के अत्याचार से लोगों को अवगत करा रही है,या वह बावली हो गई है ,आदि ।

ख -क्योंकि अंग्रेजों की दृष्टि में सभी विद्रोही गुनहगार थे और अपराधी की श्रेणी में आते थे । जो भी बगावत या आंदोलन करता ,वह उनके लिए एक अपराधी ही था ।

ग-क्योंकि बच्चे काम पर जा रहे हैं ,वे सामाजिक और आर्थिक विडम्बना से जूझ रहे हैं,उन्हें अवसर ही नहीं है कि वे मनोरंजन के साधनों का उपयोग कर सकें या लाभ उठा सकें ।

घ-क्योंकि बच्चों का काम पर जाना उनके प्रति घोर अन्याय है । हर बच्चे को आवश्यक सुख-सुविधाएँ मिलनी चाहिए पर गरीबी और सामाजिक व्यवस्था के कारण उन्हें मज़दूर बन कर काम करना पड़ता है जो कि एक हादसे के ही समान है ।

प्रश्न 3- 3x2=6

क- उद्देश्य- स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देना ,उन्हें आगे बढ्ने के अवसर उपलब्ध कराना,उनकी पारिवारिक व सामाजिक स्थिति को बुलंद या मज़बूत करना,उन्हे लड़कों के समान अधिकार देना ,,आदि ।

ख-भूख के समय भोजन की मिठास नहीं देखि जाती । पहले भूख मिटाने का उपाय किया जाता है,क्योंकि भूख मिटाना या पेट भरना बड़ी बात है ,भोजन के स्वाद की बात तो बाद में आती है ।

ग-जो एक की गोपनीय बात दूसरे को न बताए ,कभी झूठ न बोले, ईमानदार हो,निष्पक्ष हो ,गैर दुनियादारी वाला हो ।

प्रश्न 4-स्व विवेक से या संकेत बिन्दुओं के आधार पर उत्तर का मूल्यांकन करें । 5

प्रश्न 5- शिक्षक स्वविवेक से विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति की क्षमता ,भाषा शैली,वर्तनी आदि का ध्यान रखकर पत्र लेखन की जांच करें - 5

प्रश्न 6- शिक्षक सटीक संवाद के अनुसार उत्तर की जांच करें - 2.5x2=5

प्रश्न 7- शिक्षक विषय वस्तु को ध्यान में रखकर स्व विवेक से उत्तर की जांच करें - 5

---

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र-03

**कक्षा -नौवीं** **विषय - हिन्दी**

**समय -2:00 घंटा** **पूर्णांक -40**

---

-------------- **<u>सामान्य निर्देश :</u>**

* प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |
* सभी प्रश्नों के उत्तर उचित स्थान पर ही लिखिए |
* सभी उत्तरों के अंक निर्धारित है |
* स्पष्ट एवं स्वच्छ लिखावट में उत्तर लिखिए |

**<u>खंड -क</u>**

**<u>(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)</u>**

**प्रश्न -(1) गद्य खंड पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए | (2×4=8)**

(क)सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे| 'सांवले सपनों की याद'पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(ख) किस घटना ने सालिम अलीके जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

(ग)प्रेमचंद सहज जीवन में विश्वास रखते थे? 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए |

(घ)प्रेमचंद को जनता के लेखक क्यों कहा गया है?

(ङ) लेखक ने सालिम अली को 'नैसर्गिक जिंदगी' का प्रतिरूप क्यों कहा है ?

**प्रश्न -(2) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए | (2×3=6)**

(क)'कैदी और कोकिला' पाठ में कवि ने कोयल की बोली कब और कहाँ सुनी ? उसे सुनकर कवि को कैसा लगा ?

(ख) कवि ने कोकिला के बोलने के किन कारणों की सँभालने बताई ? 'कैदी और कोकिला कविता के आधार पर लिखिए |

(ग)बच्चों को काम पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए ? उन्हें क्या करने के मौके मिलने चाहिए ? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए |

(घ) सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चों वंचित क्यों हैं?'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न -(3) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (3×2=6)**

(क) 'शिक्षा पाना बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है' - ' मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए |

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए |

(ग) आज माटी वाली बुड्ढे को कोरी रोटियाँ नहीं देगी - इस कथन के आधार पर माटी वाली के हृदय के भावों को अपने शब्दों में लिखिए |

**खंड - ख (**

**रचनात्मक लेखन - 20 अंक )**

**प्रश्न -(4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -**
**(5×1=5)**

**(क) प्रात:कालीन भ्रमण :-** भूमिका, प्रात:कालीन भ्रमण के लाभ, प्राणदायिनी आक्सीजन की प्राप्ति, प्रात:काल प्राकृतिक सुंदरता, निष्कर्ष|

**(ख) मोबाइल फोन : कितना सुविधाजनक :-** भूमिका,मोबाइल एक वरदान,मोबाइल से सुविधाएँ,मोबाइल से हानियां, निष्कर्ष|

**(ग) सत्संगति के लाभ :-** सत्संगति का अर्थ, सत्संगति का जीवन पर प्रभाव, सत्संगति के उदहारण, निष्कर्ष|

**प्रश्न -(5) पत्र लेखन**
**(5×1=5)**

अपने क्षेत्र के पोस्टमैन की खराब कार्यशैली का वर्णन करते हुए पोस्टमास्टर को शिकायती पत्र लिखिए |

**अथवा**

नित्य प्रात:काल उठकर खुली हवा में घूमने और व्यायाम करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए |

**प्रश्न -(6) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए - (2.5X2=5)**

(क)योगाभ्यास के लाभों के बारे में बातचीत करते हुए लगभग 40 शब्दों में दो मित्रों का संवाद लिखिए |

**<u>अथवा</u>**

दूरदर्शन के कार्यक्रमों के विषय में माँ और बेटी के बीच हुई बातचीत का लगभग 40 शब्दों में संवाद लिखिए |

(क) मोबाइल सेबच्चों पर पड़नेवालेदष्ुप्रभाव पर दो मित्रों के बीच मेंहो रहेसंवाद को लिखिए ।

अथवा

पिता और पत्रु के मध्य नए घर मेंप्रवेश करनेकी योजना को लेकर होनेवालेसंवाद को लिखिए ।

**प्रश्न -(7) दिए गए प्रस्थान बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए - (5×1=5)**

(क)कोरोना के कारण सब रेलें,बसें,कारें बंद थी जो जहाँ था,वहीँ फंस गया | सरकार ने धारा 144लगा दी| दूसरे प्रान्तों से आए मजदूरों के लिए मुसीबत हो गई|घर में राशन खत्म हो गया |वे सामान लेकर पैदल ही.........................

**<u>अथवा</u>**

(ख) एक किसान अपने बेटों की लड़ाई झगड़े से बहुत परेशान था| जब वह बहुत वृद्ध हो गया तो उसने अपने चारों बेटों को बुलाया उन्हें लकड़ी की झड़ी दी और तोड़ने के लिए कहा..........

# अंक योजना-03

कक्षा -नौवीं                    विषय - हिन्दी

समय -2:00 घंटा                                          पूर्णांक -40

---------------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------- (खण्ड - क)

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )

1. संकलित संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (2×4=8)

(क) सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे। सलीम अली प्रकृति के खुले संसार में खोज करने के लिए निकले। उन्होंने स्वयं को किसी सीमा में कैद नहीं किया। टापू बंधन तथा सीमा का प्रतीक है ओर सागर की कोई सीमा नहीं होती है।

(ख) एक बार बचपन में सालिम अली मामा की दी हुई एयरगन से खेल रहे थे उससे एक गौरैया घायल होकर गिर पड़ी। इस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया। सलिम ने मामा से जानकारी माँगनी चाही तो मामा ने उस नैचुरल हिस्ट्री सोसायटी जाने के लिए कहा। वहाँ से उन्हें गौरैया की पूरी जानकारी मिली। वे गौरैया की देखभाल, सुरक्षा और खोजबीन में जुट गए। उसके बाद उनकी रूचि पूरे पक्षी संसार की ओर मुड़ गयी। वे पक्षी-प्रेमी बन गए। पक्षी विज्ञान को ही-अपना करीअर बना लिया।

(ग) (1) प्रेमचंद का व्यक्तित्व बहुत ही सीधासादा था-, उनके व्यक्तित्व में दिखावा नहीं था।

(2 ) प्रेमचंद एक स्वाभिमानी व्यक्ति थे। किसी और की वस्तु माँगना उनके व्यक्तित्व के खिलाफ़ था। किसी भी परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करना इनके व्यक्तित्व की विशेषता थी।

(घ) प्रेमचंद हिंदी साहित्य के ऐसे लेखक थे जिन्होंने साहित्य को चरम पर पहुँचा दिया। इन्होंने अनेक कहानियों तथा उपन्यासों की रचना की। इनकी रचनाओं में सामान्य जीवन से जुड़ी समस्याओं को ही प्रमुख स्थान दिया गया है । इसलिए इन्हें ' जनता का लेखक' कहा गया है।

(ड)जिस तरह लॉरेंस : नैसर्गिक जिंदगी के बारे में लिखा करते थे उसी तरह सालिम अली ने अपना सारा जीवन प्रकृति को समर्पित कर दिया था। अतः सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे।

2 संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (2×3=6)

(क) कवि ने कोयल की बोली आधी रात के समय मे सुनी जब वे कारागार में कैद थे| कवि को लगता है कि कोयल किसी का संदेश लेकर आई होगी।

(ख) कवि को ये लगता है कि कोयल वहाँ पर विद्रोह के बीज बोने आई होगी। कवि को ये भी लगता है कि कोयल उसके साथ सहानुभूति दिखाने आई होगी।

(ग) हमारे विचार से बच्चों को काम पर नहीं भेजना चाहिए क्योंकि उनके छोटे से मस्तिष्क में इस घटना का दुखद प्रभाव पड़ सकता है, जो धीरेधीरे बढ़कर विद्रोह का रुप धारण- कर सकता है। इसी

तरह के बच्चे आर्थिक अभाव तथा सामाजिक असमानता के कारण आगे चलकर आतंकवादी, चोरी जैसे गलत कामों को अंजाम दे सकते हैं। इससे समाज की हानि हो सकती है।

(घ) सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से वंचित होने का सबसे मुख्यकारण गरीबी है। इस कारण गरीब माता पिता न चाहकर भी अपने  बच्चों को काम पर भेजने के लिए विवश हो जाते हैं। गरीबी के कारण जब मातापिता- बच्चों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो उन्हें खिलौने कहाँ से देंगे।

3 संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों  के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (3×2=6)

(क) शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है' - इस दिशा में लेखिका ने निम्न प्रयास किए।, जब उनके दो बच्चे स्कूल जाने लायक हो गए । लेखिका कर्नाटक के एक छोटे कस्बे में रहती थी।  ऐसे ... में लेखिका ने आगे बढ़ते हुए अपने दम पर एक ऐसा स्कूल खोलने का मन बना लिया जिसमें अंग्रेज़ी,कन्नड़ और हिन्दी तीन भाषाएँ पढ़ाई जाएँगी।

(ख) यह शीर्षक एकांकी की भावना को व्यक्त करने के लिए बिल्कुल सही है। इस शीर्षक में समाज की सड़ीगली मानसिकता को व्यक्-त किया गया है तथा उस पर प्रहार किया है। क्योंकि रीढ़ शरीर का मुख्य हिस्सा होता है, वही उसको सीधा रखने में मदद करता है।

(ग)  माटी वाली को अपने लाचार पति के प्रति दया भी आती है और प्रेम भी। उस दिन माटी वाली के पास इतने पैसे हैं कि वह कुछ प्याज खरीदकर अपने पति के लिए प्याज की भाजी भी परोस सकेगी।

(खण्ड - ख)

(रचनात्मक लेखन)

4 विषय वस्तु, तथ्य, व्याकरण , वर्तनी आदि के आधार पर अंक दिए जाएँ |
(1×5=5)

5 उचित प्रारूप, वर्तनी, विषय वस्तु के आधार पर अंक दिए जाएँ |
(1×5=5)

6 विषय वस्तु, विराम चिन्ह, वर्तनी, और वाक्य विन्यास के आधार पर अंक दिए जाएँ |
(2.5x2=5)

7 मौलिकता, विषय वस्तु, वर्तनी, और वाक्य विन्यास के आधार पर अंक दिए जाएँ |
(1×5=5)

# <u>प्रतिदर्श प्रश्नपत्र-04</u>

**कक्षा - नौवीं** **विषय -हिंदी**

**समय -2:00 घंटा** **पूर्णांक –40**

---

**<u>सामान्य निर्देश :</u>**

- प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |
- सभी प्रश्नों के उत्तर उचित स्थान पर ही लिखिए |
- सभी उत्तरों के अंक निर्धारित है |
- स्पष्ट एवं स्वच्छ लिखावट में उत्तर लिखिए |

( खंड -क)

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )

**1. गद्य खंड पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए |**
**(2×4=8)**

क. प्रेमचंद के जूतों के माध्यम से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है ?

ख. प्रेमचंद के फोटो में किस पैर की उंगली बाहर निकली हुई थी ?

ग . सालिम अली की पक्षियों के बारे में जानने की रूचि कैसे हुई ? 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर बताइए |

ग . प्रेमचंद का जूता फटने के विषय में लेखक ने क्या -क्या आशंकाएँ प्रकट की है ?

घ. 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वृन्दावन में कृष्ण की मुरली का जादू हमेशा क्यों बना रहता है ?

**2 पद्य खंड पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए |**
**(2×3=6)**

क. 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि ने किसकी वंदना को बोझ के समान बताया है और क्यों ?

ख. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

ग. कवि ने हमारे समय की भयानक पंक्ति किसे कहा है और क्यों ?

घ. कवि द्वारा रचित कविता ' बच्चे काम पर जा रहे है' का क्या उद्देश्य है ?

**3 पूरक पुस्तक पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए |**
**(3×2=6)**

क. मालकिन के लौटने तक माटीवाली अपना मुँह यों ही चलाकर खाने का दिखावा क्यों करने लगी ? ऐसा करने के पीछे उसकी क्या विवशता थी ?

ख. रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए उसकी शिक्षा को छिपाना यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है ?

ग. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं, फिर भी उनके व्यक्तित्व से वह क्यों प्रभावित थी?

**(खंड -ख)**

**(रचनात्मक लेखन)**

**4 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |**

**(1×5=5)**

(क) कोरोना के दौरान लांकडाउन की भूमिका

संकेत बिंदु -भूमिका,लांकडाउन क्या है ?,क्यों लगाया गया ?, लांकडाउन की भूमिका की महत्ता,निष्कर्ष

(ख) आत्मविश्वास

संकेत बिंदु - भूमिका, सफलता के लिए आवश्यक, आत्मविश्वास की सकरात्मकता,निष्कर्ष

(ग) पुस्तकें पढ़ने की आदत

संकेत बिंदु - भूमिका, पढ़ने की घटती प्रवृति, कारण और हानि, पढ़ने की आदत से लाभ,निष्कर्ष

**5 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए**

**(1×5=5)**

अस्पताल कर्मचारियों के सद्‌व्यवहार की प्रशंसा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए |

**अथवा**

पशु- पक्षियों का मानव- जीवन में महत्व बताकर उनके प्रति क्रूर व्यवहार न करने की हिदायत देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए |

**6 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 40 शब्दों में संवाद लिखिए |**

**(2.5×2=5)**

(क) अध्यापक और विद्‌यार्थी के आपसी संवाद को लिखिए |

अथवा

दो विद्‌यार्थियों के बीच होने वाले वार्तालाप संवाद को लिखिए |

(ख) दो मित्रों के मध्य ऑनलाइन परीक्षा देनेके अनभवु पर होने वाले संवाद को लिखिए |

अथवा

ऑफलाइन कक्षा शुरू होने की घोषणा सुनकर दो मित्रों में होने वाले संवाद को लिखिए।

**7 निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> पर लघुकथा लिखिए |**

**(1×5=5)**

(क) "मजहब नहीं सिखाता,आपस में बैर रखना|" वाक्य में लिखी उक्ति को आधार बनाकर एक कथा लिखिए |

(ख) एक मौलिक कथा लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो -" मन के हारे हार है,मन के जीते जीत|"

# अंक योजना-04

**कक्षा - नौवीं** **विषय -हिंदी**

**समय -2:00 घंटा** **पूर्णांक -40**

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**( खंड -क)**

**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )**

**1. संकलित संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (2×4=8)**

**(क) इस पंक्ति के माध्यम से लेखक ने साहित्यकार प्रेमचंद की गरीबी एवं खराब स्थिति पर व्यंग्य किया है। प्रेमचंद उच्चकोटि के साहित्यकार थे, जिन्हें टोपी की तरह सिर पर धारण किया जाना था अर्थात् उनका भरपूर सम्मान किया जाना था, पर समाज में टोपी के बजाए जूते की कीमत अधिक आँकी जाती थी।**

**(ख) लेखक ने पोशाक न बदलने के माध्यम से प्रेमचंद की दिखावे की भावना से दूर रहने की विशेषता की ओर इशारा किया है।**

**(ग) फोटो में बाएँ पैर की अंगुली निकली हुई है।**

**(घ ) एक बार सालिम अली के बचपन में उनकी एअरगन से घायल होकर एक गौरैया गिर पड़ी। सालिम अली ने इस पक्षी की देखभाल, सुरक्षा और इसके बारे में नाना प्रकार की जानकारियाँ एकत्र करनी शुरू कर दी। इससे उनके मन में पक्षियों के प्रति रुचि उत्पन्न हुई। इस घटना और पक्षियों के बारे में बढ़ती रुचि और जिज्ञासा ने उन्हें पक्षी-प्रेमी बना दिया।**

**(ङ ) हिंदू तीर्थयात्री यहाँ वर्ष-भर कृष्ण के दर्शन के लिए आते रहते हैं। उन्हें यहाँ की गलियों में कृष्ण की बाँसुरी की मधुर धुन सुनाई पड़ती है। इस प्रकार वृंदावन में कृष्ण की मुरली जादू हमेशा बना रहता है।**

**2. संकलित संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (2×3=6)**

**(क) कवि पराधीन भारत में रह रहे भारतीयों की वेदना को बोझ के समान बताया है क्योंकि पराधीन भारतीयों के साथ अंग्रेज़ नाना प्रकार की यंत्रनाएँ देते थे। वे निर्दोषों पर भी अत्याचार करते थे। अंग्रेजों का यह क्रूर व्यवहार भारतीयों की बोझ जैसी भारी वेदना बन गया था।**

**(ख) हथकड़ियों को गहना इसलिए कहा गया है क्योंकि हथकड़ियाँ उनके लिए बंधन नहीं हैं। कवि स्वाधीनता सेनानी है। कवि ने देश की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाई है। अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाना कोई जुर्म नहीं है, इसलिए हथकड़ियाँ बंधन न होकर गहना बन गई हैं।**

**(ग) च्चे काम पर जा रहे हैं' में कवि ने समय की भयानक पंक्ति बच्चों के काम पर जाने को कहा है। कवि के अनुसार बच्चों का कार्य अपने बचपन को जीने का होता है, बचपन यानी खेलने कूदने उम्र और शिक्षा हासिल करने की उम्र। स्वयं को सबल बनाने की उम्र। खेलने कूदने और शिक्षा हासिल करने की उम्र में बच्चे यदि काम पर जाएंगे तो उनका बचपन नष्ट हो जाएगा और वह उनका विकास सही रूप से नहीं हो पाएगा। बच्चे देश का भविष्य होते हैं, यदि देश का भविष्य ही कमजोर होगा तो देश के**

विकास की नींव भी कमजोर हो जाएगी। इसलिए कवि ने समय की भयानक पंक्ति बच्चों के काम पर जाने को कहा है।

(घ) बच्चों से बचपन छीन लिए जाने की पीड़ा व्यक्त हुई है। कवि ने उस सामाजिक – आर्थिक विडंबना की ओर इशारा किया है जिसमें कुछ बच्चे खेल , शिक्षा और जीवन की उमंग से वंचित हैं। कवि कहता है कि बच्चों का काम पर जाना आज के ज़माने में बड़ी भयानक बात है। यह उनके खेलने-कूदने और पढ़ने- लिखने के दिन है |

3. संकलित संकेत बिंदुओं के साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के उचित तर्कों/उत्तरों पर अंक दे सकते हैं | (3×2=6)

(क) माटी वाली जिस घर में माटी देने गई थी उस घर की मालकिन ने उसे दो रोटियाँ और कुछ बचा-खुचा साग लाने के लिए अंदर चली गई। इसी बीच माटी वाली ने इधर-उधर देखा और किसी को न देखकर अपने सिर पर रखा डिल्ला खोलकर उस कपड़े में एक रोटी जल्दी से रख लिया। यह बात मालकिन न जान सके, इसलिए वह मुँह चलाने का दिखावा करने लगी।

(ख) रामस्वरूप की बेटी की उम्र विवाह लायक हो चुकी है। भारतीय परंपरा के हिसाब से उन्हें जल्दी से कोई योग्य वर देखकर अपनी बेटी का विवाह तय करना है।रामस्वरूप अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलाते हैं वे मानते हैं कि लड़कियों के लिए भी शिक्षा उतनी ही जरूरी है जितनी लड़कों के लिए होती है। वे नारी शिक्षा का पक्षधर है किंतु जब उसे गोपाल प्रसाद के लड़के के साथ अपनी बेटी का रिश्ता करना होता है तो वह अपनी बेटी की शिक्षा छिपाता है क्योंकि वे अपनी लड़की का विवाह एक अच्छे पढ़े-लिखे संभ्रांत परिवार में करना चाहते थे परंतु गोपालप्रसाद पढ़े लिखे होने के बावजूद विवाह हेतु कम पढ़ी लिखी लड़की चाहते थे। एक लड़की का पिता होने की विवशता उससे ऐसा करवाती है। अतः राम स्वरूप को विवश होकर अपनी लड़की की उच्च शिक्षा को छिपाना पड़ता है।

**(ग)** लेखिका ने अपनी नानी को कभी नहीं देखा था परंतु अपनी नानी के बारे में उसने जो कुछ भी सुना था उसके कारण वह उनके व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हुई थी। उसकी नानी ने पारंपरिक, अनपढ़, और पर्दे में रहने वाली महिला होते हुए भी विलायती ढंग से जीवन जीने वाले बैरिस्टर पति के साथ बिना किसी शिकायत के जीवन बिताया था। मरने से पहले पर्दे का लिहाज छोड़कर पति के मित्र स्वतंत्रा सेनानी प्यारे लाल शर्मा से मिली और उनसे यह वचन लिया था कि वे उनकी पुत्री की शादी किसी स्वतंत्रा सेनानी से ही करवाएंगे। उनके इन्हीं क्रांतिकारी कदमों ने लेखिका को प्रभावित किया था

लेखिका अपनी नानी के स्वतन्त्र और खुले विचारों वाले व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित थी।
लेखिका अपनी नानी के निम्नलिखित गुणों से प्रभावित थी:-

- लेखिका पढ़ी-लिखी न होकर भी स्वतन्त्र विचारों वाली महिला थी।
- उनका अपनी बेटी का विवाह एक क्रन्तिकारी से करने के फैसले ने उनकी उदारता और स्वतंत्रता का प्रतीक थी।
- इतने पुराने समय में भी वह पुरुषों से मिलने का साहस और आज़ादी रखती थी।

**(खंड -ख)**

**(रचनात्मक लेखन)**

8 विषय वस्तु, तथ्य, व्याकरण , वर्तनी आदि के आधार पर अंक दिए जाएँ |

(1×5=5)

9 उचित प्रारूप, वर्तनी, विषय वस्तु के आधार पर अंक दिए जाएँ |

(1×5=5)

10 विषय वस्तु, विराम चिन्ह, वर्तनी, और वाक्य विन्यास के आधार पर अंक दिए जाएँ | (1×5=5)

11 मौलिकता, विषय वस्तु, वर्तनी, और वाक्य विन्यास के आधार पर अंक दिए जाएँ |

(1×5=5)